# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216
E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817

पत्रांक 921 / W-16 / 93 दिनांक– 20.05.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 20 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "पेयजल को लेकर ग्रामीण ने बाल्टी डब्बा संग किया प्रदर्शन" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 20 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"पेयजल को लेकर ग्रामीण ने बाल्टी डब्बा संग किया प्रदर्शन"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड नगवां ग्राम खलियारी में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत तेन्दुआही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेंसर्स वी0पी0आर0पी0एल0, जोधपुर द्वारा कराया गया है। ग्राम खलियारी में तेन्दुआही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना से जलापूर्ति की जा रही है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– फोटोग्राफ्स

भवदीय,
(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता











विज्ञापन




Newswrap हिन्दुस्तान, सोनभद्र Preferred


Sonbhadra News - नगवां ब्लाक के खलियारी गांव के ग्रामीणों ने पेयजल की कमी को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने जल जीवन मिशन से पानी की सप्लाई न होने पर नाराजगी...






खलियारी, हिन्दुस्तान संवाद। नगवां ब्लाक के खलियारी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को पेयजल को लेकर गांव में प्रदर्शन किया। उन्होंने जल जीवन मिशन से पानी सप्लाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रतिदिन समय से पेयजल की आपूर्ति कराए जाने की मांग की । इस दौरान ग्रामीण रामलाल, रामयाद भारती ने कहा कि हमारे गांव में प्रतिदिन पानी कभी नहीं आता है, जबकि पानी सप्लाई प्रतिदिन दोनों टाइम सुबह-शाम देने का प्रावधान है। इसके बावजूद एक टाइम पानी सप्ताह में एक दिन नहीं या दो दिन ही आता है। विभाग की इस रवैए से हम सब ग्रामीणों को पीने के लिए भी पानी की किल्लत हो जा रही है।


## फोटो गैलरी


दुनिया की टॉप 7 सुपरहीरो फिल्मों की लिस्ट, एंडगेम नहीं 9.1 रेटिंग वाली यह मूवी है नंबर वन


चीटिंग पर बोलीं रकुल प्रीत सिंह, जिंदगी बहुत बड़ी है, अगर किसी से एक बार चूक हो जाए तो माफी दी जा सकती है


रोम में जब आमने-सामने आए पीएम मोदी और जॉर्जिया मेलोनी, देखें शानदार तस्वीरें


अमिताभ बच्चन को क्यों कहते थे एंग्री यंग मैन? नई पीढ़ी को जरूर देखनी चाहिए ये 7 फिल्में


प्राइम वीडियो की 8.1 रेटिंग वाली वो फिल्म, जिसे लोग कर रहे हैं एक-दूसरे को रीकमंड, आपने देखी?

## जरूर पढ़ें


खराब होने लगा है ट्विशा का शव, पुलिस बोली- ले जाइए; परिवार चाह रहा दूसरा पोस्टमार्टम


जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा का केजरीवाल ने किया था 'बहिष्कार', नई बेंच ने ली एक चुटकी


दुनिया के टॉप 10 गर्म जिलों में 8 यूपी के, सऊदी अरब जैसा हाल; बांदा में क्यों इतना तापमान


ममता बनर्जी को उनके घर में ही TMC विधायकों ने सुनाया, सुनती रहीं पूर्व CM; ये सब कहा

मायावती से मिलने अचानक पहुंचे कांग्रेस नेता, बसपा प्रमुख ने गेट से ही लौटाया, क्या थी मंशा?

अब ट्रक-बसें होंगी इलेक्ट्रिक! सरकार लाई ऐसा प्लान जो बदल देगा ट्रांसपोर्ट सेक्टर, 1 बिलियन डॉलर की बड़ी मदद

विज्ञापन

Story continues below advertisement

**ये भी पढ़ें:** पेयजल आपूर्ति न होने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

उमाशंकर पासवान, प्रमोद कुमार का कहना है कि इस बड़ी समस्या को भी क्षेत्रीय जल जीवन मिशन के कर्मचारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन नजर अंदाज कर दिया जा रहा है। इस समस्या पर बड़े अधिकारियों को जानकारी नहीं है। पानी की समस्या को लेकर महिलाओं में आक्रोश भी देखने को मिला। मालती देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, शान्ती देवी धाना देवी, निर्मला देवी आदि ने कहा कि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम सब जिलाधिकारी कार्यालय लोढ़ी जाकर प्रदर्शन कर समस्या को अवगत कराया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी पीने के लिए हम सब कहां जाएं, एक भी हैंडपंप सही नहीं है जिसमें से पीने के लिए भी पानी लिया जा सके। एक भी कुआं में पानी नहीं है जाएं तो कहां जाएं। इस सम्बंध में जल जीवन मिशन के के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने विभाग समेत जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित कराया है और समय से दोनों टाइम पानी सप्लाई कराने की मांग की।

Voice of UP

लेखक के बारे में

**Hindustan**

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है। ...और पढ़ें

Sonbhadra Latest News Sonbhadra N

लेटेस्ट Hindi News, बॉलीवुड न्यूज़

## वायरल खबरें

पेड़ की टहनियां काटकर एक घंटे में कमाए 49 हजार रुपये, वायरल वीडियो से हड़कंप

मुझे जलन हो रही... कुछ मिलता ही नहीं; भारत में तेल की कीमत सुन बोला पाकिस्तानी

चुनाव प्रचार के दौरान सायोनी घोष ने किया था डान्स? क्या है वायरल वीडियो का सच

रेप का आरोपी हिंदू संगठन का पूर्व पदाधिकारी जेल से छूटा, बरसाए गए फूल- VIDEO